हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 जनवरी 2024

04 हरे भरे वृक्ष काटने की बात पहुंची जिला कलेक्टर...



07 सितंबर में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट, 11 लोगों ने ...





## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर में मूक बधिरों ने मनाया नववर्ष

**सागर।** मूक बधिरों ने गढ़पहरा स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना धर्मिक स्थल पर नववर्ष 2024 उत्सव मनाया इससे पहले हनुमान मंदिर में जाकर लोगों ने पूजा अर्चना की इस अवसर पर सांसद राजबहादुर सिंह का फूलमाला से सम्मान किया गया तथा नववर्ष की ढेरों शुभकामनाएं दी। तत्पशचात दाल बाटी की पार्टी की गयी। उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनायें देकर जिसमें भविष्य में सभी कार्य एकजुट होकर आपसी सहयोग का निर्णय किया। अयोजन में सम्मिलित बुंदेलखण्ड मूक बधिर संघ 17 वी मे विनय लियारिया, अध्यक्ष दीपक जाटव, किरण दाऊ यादव, मुन्ना घोषी, राजेश तिवारी, शुभाशीष शर्मा, संदीप जोगी, घनश्याम सिह ठाकुर, सुनील पटेल, अशफाक उपस्थित थे।

### फसल की जानकारी एमपी किसान एप के माध्यम से कर सकेंगे दर्ज

**सागर।** "मेरी गिरदावरी- मेरा अधिकार" में अब किसान निश्चिंत होकर अपनी फसल की जानकारी एमपी किसान एप के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। इस जानकारी का उपयोग फसल हानि, न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना, भावांतर योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और कृषि ऋण में किया जायेगा। किसान की इस जानकारी का आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं पटवारी से सत्यापन होगा। मेरी गिरदावरी-मेरा अधिकार में किसान को यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है कि वे अपने खेत से ही स्वयं फसल की जानकारी एमपीकिसान एप पर दर्ज कर अपने आप को रजिस्टर सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सागर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है। इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के समय श्रमिक को आधार कार्ड एवं बैंक खाता नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा।

### संतान पालन अवकाश के लिए प्रावधान

सागर। मध्यप्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियम 1977 में संशोधन करते हुये संतान पालन अवकाश जोड़ा गया है। अवकाश नियम 38 के तहत महिला शासकीय सेवकों को संतान देखभाल अवकाश की स्वीकृति सामान्य रूप से परिवीक्षा कालावधि के दौरान स्वीकृत नहीं किया जायेगा तथापि, विशेष परिस्थितियों में, यदि परिवीक्षा कालावधि के दौरान अवकाश स्वीकृत किया जाता है तो परिवीक्षा की अवधि स्वीकृत अवकाश की उस कालावधि के बराबर अवधि तक के लिए बढ़ा दी जाएगी, जिसके लिए अवकाश स्वीकृत किया गया है।

### 29 सितंबर 2020 को मृतक की लाठियों से पीटकर की गई थी हत्या

# हत्या के प्रकरण में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश दिनेश सिंह राणा के न्यायालय द्वारा हत्या के प्रकरण में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक दीपक पौराणिक ने बताया कि 29 सितम्वर 2020 को रात्रि के समय मृतक कैलाश और हल्ले कुर्मी जो ग्राम पथरिया जाट में स्थित पुरानी कलारी भवन में अपने सौतेले पुत्र के साथ था तभी देवू यादव के दरवाजा खटखटाना पर मृतक के लड़के ने दरवाजा खोला तब देबू यादव लाठी लेकर अन्य तीन चार लोगों के साथ अंदर घुस गया और उसे गालियां देकर पुरानी बुराई पर से लाठियां से मारपीट करने लगा। देवू ने जो लाठी मारी वह मृतक के बाएं हाथ की बाएं हाथ की भुजा पर और जांघ में लगी और उसके साथियों द्वारा लाठियां से मारपीट की गई। जिससे उसे दाएं हाथ की भुजा कोहनी में जांघ में के दाएं जांघ के नरे और बदन पर चोटे आई और खून भी निकलने लगा। मृतक के चिल्लाने पर देबू यादव और उसके साथीयो ने उसे रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। देहाती नालिस जिला अस्पताल हल्ले की माँ कौशल्या भी बहा पहुच गयी उसकी सूचना पर मृतक को पुलिस के द्वारा जिला अस्पताल सागर लाया गया, सागर में ही पुलिस के द्वारा देहाती नालिश रिपोर्ट लेख की गई और उसकी स्थिति



गंभीर होने के कारण हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया धारा 458 294 323 325 506 एवं 34 का मामला कायम हुआ था। उसके बाद स्थिति को देखते हुए दिनांक 7 अक्टूबर 2020 को प्रकरण में 307 की बढ़ाई गयी, इसी दिनांक को ही भोपाल में इलाज के दौरान पीड़ित कैलाश की मृत्यु हुई तब पुलिस द्वारा उसके मर्ग डायरी प्राप्त होने पर 302 का मुकदमा कायम किया गया।

विवेचना के साथ अभियुक्त देबू यादव अभियुक्त साथ-साथ चार अज्ञात युवकों चार अज्ञात युवकों के विरुद्ध मामला बनाया गया, विवेचना पर अभियुक्त गण ऋषभ, अनिकेत तथा शैलेश गोटिया को हिरासत में लेकर उनके मेमोरेंडम कथन लेख किए, टावर लोकेशन कॉल डिटेल सहित अन्य सबूतों पर विवेचना की गई। 4 मार्च 2021 को विवेचना सीआईडी को प्राप्त होने देबू एवं गन्नू उर्फ गणेश के विरुद्ध धारा 299 का इजाफा किया गया और उसका अभियोग पत्र भी पेश किया गया गन्नू का अभियोग पत्र भी पेश किया गया। तथा प्रकरण मुख्य अभियुक्त देवू की फरार रहने के दौरान चलाया गया अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध विचरण न्यायालय में किया गया। विवेचना के दौरान सीआईडी के द्वारा प्रकरण में जबलपुर से बुलाए गए अभियुक्त ऋषभ यादव, शैलेश गोटिया, और गन्नू उर्फ गणेश, अनिकेत नेमा के मोबाइल नंबर लोकेशन देबू के मोबाइल नंबर और लोकेशन ट्रेस करने पर ट्रेस करने पर भी जानकारी सामने आई कि घटना के समय एक साथ सभी घटना स्थल पर थे। साथ ही डॉ के कथन, साक्षियों के कथन, पुलिस द्वारा मृत्यु पूर्व लिए गए मृतक कैलाश के कथन, मेमोरेंडम कथन, इत्यादि को समस्त साक्ष्यों को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत करने पर दोषियो ऋषभ यादव, अनिकेत नेमा, शैलेश गोटिया गन्नू उर्फ गणेश को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास दिया गया, एक शेष अभियुक्त देवू के विरुद्ध अभी न्यायालय में विचारण किया जाना बाकी है। दोषियों को सज़ा सुनाकर सेंट्रल जेल सागर भेजा गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक दीपक पौराणिक ने की न्यायलय में अभियोजन की सहायता आरक्षक पुष्पेंद्र राजपूत ने की, विवेचना में पुलिस द्वारा संजय ऋषिकर, आर एस उपाध्याय, सीआईडी द्वारा मनोज शर्मा, इत्यादि ने कार्य किया।

# राज्यपाल मंगु भाई पटेल आज सागर प्रवास पर विकसित भारत संकल्प यात्रा में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राज्यपाल मंगु भाई पटेल आज प्रातः 10 बजे ग्राम भापेल के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि राज्यपाल मंगु भाई पटेल विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम पंचायत परिसर ग्राम भापेल ज.पं. राहतगढ़, सागर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल पटेल के संपूर्ण कार्यक्रम के लिए अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी को नोडल बनाया गया है। जबकि विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा रहेंगे। महामहिम राज्यपाल सागर से प्रातः ग्राम भापेल के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर आगमन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत दीप प्रज्जवलन, विकसित भारत यात्रा का प्रस्तुतीकरण- मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत सागर द्वारा प्रधानमंत्री के रिकार्ड भाषण का प्रस्तुतीकरण, मध्यप्रदेश के संदर्भ में मूवी का प्रदर्शन, महामहिम राज्यपाल द्वारा



शपथ, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुती करण, धरती करे पुकार अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यकमों का प्रस्तुती करण, महामहिम राज्यपाल का उदबोधन, महिला छात्र खिलाड़ी एवं स्थानीय लोगों का सम्मान होगा। जिसके बाद महामहिम राज्यपाल का सांची, जिला विदिशा के लिये प्रस्थान होगा। इस अवसर पर खाद्य आपूर्ति एवं नागरिक मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, प्रदीप लारिया, शैलेन्द्र जैन, वीरेन्द्र सिंह लोधी, बृजबिहारी पटैरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### कानून व्यवस्था के लिए सौंपे दायित्व

राज्यपाल मंगु भाई पटेल का आज सागर प्रवास पर रहेंगे। कलेक्टर दीपक आर्य ने संपूर्ण कार्यक्रम में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए दंडाधिकारियों एवं अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी देवरी गगन बिसेन, तहसीलदार जैसीनगर विनोद सिंह, नायब तहसीलदार नरयावली विजय कुमार चौधरी एवं अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया को सर्किट हाउस व्ही.आई.पी. स्वल्प हार, भोजन व्यवस्था के लिए नियुक्त किया गया है। कारकेट के साथ कार्यक्रम प्रारंभ से समापन तक एवं सर्किट हाउस के लिए अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया और नायब तहसीलदार महेश दुबे रहेंगे। मंच की संपूर्ण व्यवस्था के लिए अनुविभागीय अधिकारी रहली गोविंद दुबे, नायब तह. केसली संगम पटले, नायब तह. सुरेश कुमार सोनी रहेंगे।

### शीत लहर से बचाव को लेकर एडवॉयजरी जारी

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की है। उन्होने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है! जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है। शीत लहर से बचने के लिए ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपडों का उपयोग किया जाना चाहिए एवं मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। इस संबंध में जन जागरूकता के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।




### गढ़ाकोटा में नव वर्ष का आगाज रक्तदान से

**गढ़ाकोटा।** रक्तदान की परंपरा का लगातार निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी साल के पहले दिन रक्त_उत्सव नामक कार्यक्रम के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नव युवकों ने मातृ शक्तियों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया और पीड़ित मानवता की सेवा करने हेतु अपना-अपना रक्तदान किया, युवाओं का हमेशा की तरह इस बार भी रक्तदान शिविर के दौरान उत्साह देखने को मिला। आयोजन में रक्तदाताओं के इस समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया गया, कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय सागर ब्लड बैंक टीम से डॉक्टर आर के बिदुआ के नेतृत्व में रक्त संग्रह दल गढ़ाकोटा आया। सद्भावना रक्तदान सेवा समिति गढ़ाकोटा के संयोजक अमित सोनी ने दल के सभी सम्माननीय सदस्यों का अभिवादन किया साथ ही दूसरी ओर इसी जगह पर शाम को नये वर्ष के आगमन पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी एससीआई सरस्वती कंप्यूटर इंस्टिट्यूट गढ़ाकोटा के द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन नगर के बजाजी मैदान में किया गया। जहां सैकड़ो की संख्या में उत्साहित छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफियां जीती, इसी कार्यक्रम में कौन बनेगा जीनियस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार साइकिल के रूप में प्रदान की गई और उनको सम्मानित किया गया। साथ ही इसी कार्यक्रम में 14 नवंबर से 26 दिसंबर बाल दिवस से वीर बाल दिवस के बीच में आयोजित कार्यक्रम के प्रतिभागी बच्चों को भी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए ट्रैफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। आगे मंच से घोषणा की गई की लगातार ऐसे कार्यक्रम हर सप्ताह रविवार को आयोजित होते रहेंगे।

### लोक सेवा गारंटी के तहत डिजिटल जाति प्रमाण पत्र

**सागर।** नागरिक अधिकारों को सशक्त बनाने और लोक सेवा प्रदाय प्रणाली को प्रभावी एवं सरल बनाने के लिये सुशासन की दिशा में अभिनव प्रयास किये जा रहे है। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचित सेवा क्रमांक 6.4 "जाति प्रमाण पत्र" प्रदाय अभियान के तहत लोक सेवा केन्द्रों द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र के प्रदान करने संबंधी अभियान का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के तहत डिजिटल हस्ताक्षरित रंगीन प्रमाण पत्र प्रदान किये जा चुके हैं। यह सभी जारी किये गये डिजिटल हस्ताक्षरित रंगीन प्रमाण पत्र एक कॉमन रिपाजिटरी से वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# वार्षिकोत्सव तरंग का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं जैन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई के तत्वाधान में संयुक्त वार्षिकोत्सव तरंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विधायक शैलेंद्र जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ मनीष वर्मा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण तथा सहायक संचालक डॉ आशुतोष गोस्वामी उपस्थित रहे। अध्यक्षता राजीव चौधरी मानक चौक ने की। मुख्य अतिथि जैन ने संस्था को अपने प्राचीन गौरव को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। डॉ वर्मा ने पाठ्यक्रम सह गतिविधियों में वार्षिकोत्सव के महत्व को दर्शाया।



सचिव डॉ केके सराफ ने 1946 से संचालित जैन स्कूल और 1997 से अंग्रेजी माध्यम स्कूल जैन पब्लिक स्कूल की प्रगति के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वय आरके यादव, रजनीश जैन, अशोक फुसकेले, विमल जैन, शिखर कोठिया, मनीषा जैन, निशा सिंह, प्रतिभा जैन, अनामिका तिवारी, नेहा, पल्लवी जैन, अर्चिता जैन, नितिन तिवारी आदि उपस्थित रहे। संचालन पल्लवी दीक्षित, प्रकृति पटैरिया, वंदना तिवारी ने किया। अंजना दुबे ने आभार माना।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रधानमंत्री मोदी एक मजबूत भारत का निर्माण कर रहे हैं : यश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के आह्वान और भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स को नमो एप डाउनलोड करवाकर विकसित भारत एंबेसेडर बनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत कर निर्माण करते हुए भारत को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित



कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में किए गए कई उल्लेखनीय कार्यों की वजह से आज पूरे विश्व में भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। इस क्रम में उन्होंने भारत को और मजबूत बनाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की है। जिसके माध्यम में देश के उन सभी हितग्राहियों तक पहुंचने का काम किया जा रहा है, जो किसी न किसी वजह से योजनाओं से वंचित रह गए थे। इसके लिए उन्होंने एनसीसी के कैडेट्स को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

### कर्मचारी अपने कर्तव्य पर संयम और शालीनता का परिचय देकर जनता के सेवा कार्य करें : निगमायुक्त

**सागर।** नगर निगम लेखा शाखा में पदस्थ धनीराम यादव, रामनारायण पटेल, नवीन सैनी और राम समुद्रे 31 दिसंबर को औपचारिक रूप से सेवानिवृत हो गये उनकी सेवानिवृत पर सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, रुपेश यादव, राजकुमार पटैल, पार्षद कंचन सोमेश जड़यिा, पूर्व पार्षद नरेश यादव, रिशांक तिवारी, सोमेश जड़यिा, राम राकेश डब्बू साहू सहित अधिकारियों कर्मचारियों ने सेवनिवृत कर्मचारीयों का शाल श्रीफल भेटकर कर स्वागत किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं को संवारने का काम निगम कर्मचारीयों का होता है, इसलिए निगम कर्मचारी अधिकारी अपने स्तर पर नागरिको को सुविधा उपलब्ध कराने में विलंब ना करें और कोई कार्य नियम अनुसार करना संभव न हो तो संबंधित नागरिक को अवश्य बताएं ताकि वह परेशान ना हो क्योंकि आप शासकीय सेवक है इसलिये अपने कर्तव्य पर संयम और शालीनता का परिचय देकर जनता के सेवा कार्य करें। उन्होंने सेवानिवृत कर्मचारीयों को अपना शेष समय अपने परिवार और समाज को देने का आग्रह करते हुये उनके स्वास्थ्य एवं उज्जवल जीवन की कामना की। पूर्व पार्षद नरेश यादव ने कहा कि सेवानिवृत होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और जो सेवा में आया है वह सेवानिवृत भी होता है लेकिन सेवाकाल के दौरान उस कर्मचारी द्वारा किये गए कार्य आने वाले कर्मचारीयों के लिए प्रेरणादाई होते हैं।



### सिंधी समाज ने की पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह भेंट

**सागर।** सिंधी समाज ने पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर से भेंट कर नववर्ष व एतिहासिक विजय की शुभकामनाएं दीं। और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की इस मौके पर सिंधी पंचायत अध्यक्ष भीष्म राजपूत, समाजसेवी निर्मल भोले, कन्हैयालाल कटारिया, मनोहर गंगवानी, सुरेश मोहनानी, राजेश मनवानी, राजलदास जसूजा आदि मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम भैंसा, ग्राम वासियों ने किया स्वागत

# सशक्त भारत विकास यात्रा का संकल्प है : हीरा सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने के उद्देश्य से जनमानस को जागृत बनाने एवं पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में निकाली जा रही है इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को सशक्त करना है। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को संबल प्रदान करना है। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने ग्राम भैंसा में पहुंची संकल्प यात्रा में क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कही। राजपूत ने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी। विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को नलजल योजना पहुंचाने का कार्य मंत्री राजपूत ने आप सबके आशीर्वाद से किया। हमारी विधानसभा के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं जो अब




शहरों जैसे दिखने लगे हैं यह हमारी भाजपा सरकार का ही संकल्प है जो हमने अपनी विधानसभा में चरितात्र करके दिखाया है और आगे भी यह विकास कार्य चलते रहेंगे। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैंसा पहुंची जहां यात्रा का व्य स्वागत किया गया। इस दौरान विभागों के अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से योजनाओं के संबंध में चर्चा की एवं शिविर में खाद्यान्न पंजीयन, बैंक लोन स्वीकृति पत्र, पेंशन प्रकरणों के आवेदन आदि जमा किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में अलग-अलग विभागों द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं के स्टाल लगाए गए।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमल कुर्मी, जितेन्द्र सिंह राजपूत, सुरेश सिंह, मनोज कुर्मी, सरपंच बिठ्ठल सिंह, विजय कुर्मी, देवेन्द्र फुस्केले, महेन्द्र राय, सोहन साहू, वकील कुर्मी, कलू पटैल, उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023

हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### भिंडिया उप निरीक्षक से बने निरीक्षक



**टीकमगढ़।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई है। जिसके अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में पदस्थ उप निरीक्षक हिमांशु भिंडिया को कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है।
पुलिस अधीक्षक कार्यालय टीकमगढ़ में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या द्वारा उप निरीक्षक हिमांशु भिंडिया की पुलिस यूनिफार्म पर तीन स्टार लगाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत



**टीकमगढ़।** जिले के नगर परिषद पलेरा में बुधवार को रिमझिम बारिश हुई। इस दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मडरी में आकाशीय बिजली गिरने से 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना की सूचना लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा भेजा गया।
मडरी गांव निवासी देवेंद्र यादव ने बताया कि उसके चाचा हरदयाल यादव रात में खेत पर सोने जाते थे। मंगलवार रात करीब 8 बजे वह खेत की रखवाली के लिए गए थे। बुधवार सुबह से बारिश शुरू हो गई। इस दौरान वह खेत से घर के लिए निकले। रास्ते में बिजली की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी लगते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना देकर पलेरा अस्पताल पहुंचे। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद पंचनामा बनाया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### अभियान चलाकर 7 वाहन चालकों पर की गई चालानी कार्रवाई

**बीना।** सड़क दुर्घटना में हो रही मौत पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत पुलिस के द्वारा बुधवार को चालानी कार्यवाही की गई।
जानकारी अनुसार बुधवार को झांसी फाटक स्थित ओवर ब्रिज पर पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें बिना हेलमेट के बाइक चालक एवं बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चालकों को जागरूक किया गया एवं चालानी कार्यवाही की गई। विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 7 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए 2300 रुपए का राजस्व वसूला गया।

# क्वार्टर और सेमी जीतकर फाइनल में पहुंचीं मऊरानीपुर, मैच देखने उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

स्वर्गीय नन्हेंलाल विश्वकर्मा जी की स्मृति में 11वां क्रिकेट टूर्नामेंट खरगापुर के नजदीक चौबारा माता चक्का गोई स्टेडियम में चल रहे। स्व. नन्हेलाल विश्वकर्मा की स्मृति में हो रहे शासन द्वारा मान्यता प्राप्त 11वें राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सात वे दिन मुख्य अतिथि खरगापुर थाना पुलिस स्टाप रहा।


उन्होंने क्षेत्र से आई दोनों टीमों सहित क्रिकेट समिति को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी टूर्नामेंट के आयोजक हरिशंकर विश्वकर्मा एवं समिति ने मुख्य अतिथियों का शाल श्रीफल और मिमेंटो भेंट दी।टूर्नामेंट के आठ वे दिन एक क्वार्टर फाइनल और दूसरा मैच सेमी फाइनल खेला गया।



पहला क्वार्टर फाइनल महरौनी और मऊरानीपुर के बीच खेला गया मऊरानीपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में महरौनी टीम को 195 रन का लक्ष्य दिया महरौनी टीम 195 रनो के लक्ष्य को पीछा करते हुए 12 ओवर में 185 रन ही बना पाई और मऊरानीपुर टीम ने 11 रनो से मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई मऊरानीपुर से ओपनर बल्लेबाज सोनू ने 18 बॉल में 4 चौके और 7 छक्के लगाकर 55 रनो की बेहतरीन पारी खेली और मेन ऑफ द मैच रहे। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला टीकमगढ़ और मऊरानीपुर के बीच खेला गया।

टीकमगढ़ टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए मऊरानीपुर टीम को पहले खेलने के लिए आमंत्रित किया। निर्धारित 10 ओवरों में मऊरानीपुर टीम ने 186 रनो का टीकामढ़ टीम को लक्ष्य दिया। टीकमगढ़ 10 ओवरों में 157 रन ही बना पाई। मऊरानीपुर टीम ने 20 रनो से मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। मऊरानीपुर टीम से ओपनर बल्लेबाज सोनू झिंझोरिया ने 22 बॉल में 3 चौके 9 छक्के लगाकर 73 रनो की बेहतरीन पारी खेली और मेन ऑफ द मैच रहे।

### समर्रा में नाली में पड़ा मिला नवजात का शव पुलिस मामले की जांच में जुटी



**टीकमगढ़।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत समर्रा में बुधवार को एक नवजात का शव नाली में पड़ा मिला। यह खबर फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पंचायत सरपंच ने तत्काल घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों से पूछताछ के बाद पुलिस ने पंचनामा बनाया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे ग्राम पंचायत समर्रा में जानकी रमन मंदिर के पास नाली में नवजात का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। तत्काल डायल 100 पुलिस को मौके पर रवाना किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से पूछताछ की। लोगों का कहना है कि मंगलवार देर रात किसी ने नवजात का शव चोरी छिपे नाली में फेंका है। उन्होंने बताया कि डिलीवरी के तुरंत बाद बच्चे को फेंका गया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुड़ गई है। होगी पूछताछ, लगाई जाएगी जानकारी : ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं का रिकॉर्ड दर्ज किया जाता है। पुलिस आंगनबाड़ी केंद्र से जानकारी लेकर इस बात का पता लगा रही है कि गांव में कितनी महिलाएं गर्भवती हैं। इसके अलावा हाल ही में किस महिला की डिलीवरी होनी थी।

**जांच करने पहुंचे तहसीलदार से बोले व्याख्याता आप कार्रवाई करें क्या दिक्कत है...**

# हरे भरे वृक्ष काटने की बात पहुंची जिला कलेक्टर के पास, मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बनाया पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर के ललितपुर मार्ग स्थित शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में पदस्थ प्राचार्य एनडी अहिरवार एवं व्याख्याता महेन्द्र उपाध्याय की मौजूदगी में शाला परिसर में लगे हरे-भरे फलदार वृक्षों की कटाई का काम बुधवार को अवकाश के दिनों में दिन दहाड़े किया जा रहा था और यह कार्य व्यापक स्तर पर चल रहा था जहां शाला परिसर के अंदर लकड़ी कटाई का काम चल रहा था वहीं दूसरी ओर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में इन्हें लादकर अन्यत्र स्थान पर भेजने की व्यवस्था भी सुनियोजित तरीके से बनाई गई थी। जैसे ही इस बात की जानकारी मीडियाकर्मियों को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर संबंधित स्थल का अवलोकन करते हुए तुरंत जिले के कलेक्टर को इसकी सूचना दी। कलेक्टर अवधेश कुमार शर्मा ने तहसीलदार गोविन्द सिंह ठाकुर सहित जिला शिक्षाधिकारी को मौका मुआइना कर सही जानकारी मुहैया कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष शिक्षा विभाग में 31 दिसम्बर से 4 जनवरी तक स्कूलों के अवकाश निर्धारित किए गए हैं। इसके बावजूद बुधवार 3 जनवरी को शहर के ललितपुर मार्ग पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में दिन दहाड़े वृक्षों की कटाई का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा था। इस कटाई के कार्य में हरे भरे वृक्षों सहित आगामी मौसम में फल देने वाले वृक्ष भी शामिल थे। वृक्षों की कटाई का कार्य व्यापक स्तर पर स्कूल प्रबंधन की देख रेख में चल रहा था। यहां तक कि वृक्षों की कटाई में बड़ी-बड़ी मशीनों का उपयोग अपनी देख रेख स्टॉफ करवा रहा था। गौरतलब है कि दो से तीन ट्रॉली पेड़ों की लकड़ी शाला प्रबंधन द्वारा मनमाफिक तरीके से भेजी जा चुकी थी। बुधवार को तहसीलदार गोविन्द सिंह ठाकुर के मौके पर पहुंचते ही उन्हें एक ट्रॉली में हरे-भरे वृक्षों की लकड़ियां बरामद हुई हैं। जिनका तहसीदार श्री ठाकुर ने पंचनामा तैयार कर पेड़ों से लदी ट्रॉली को शाला प्रबंधन के सुपुर्द करते हुए शाला के प्राचार्य को समय सीमा में इस मामले में जबाव प्रेषित करने के लिए कहा है।





**व्याख्याता ने तहसीलदार को नहीं दी तब्बजो :**

कलेक्टर के निर्देशन में मौका मुआयना करने पहुंचे तहसीलदार गोविन्द सिंह ठाकुर ने जब शाला प्रबंधन से वृक्षों की कटाई से संबंधित अनुमति की जानकारी मांगी तो क्रमांक 2 में पदस्थ व्याख्याता महेन्द्र उपाध्याय ने उनसे कहा कि हम लोगों के पास तहसीलदार की अनुमति पहले से है इस बात पर तहसीलदार ने व्याख्याता महेन्द्र उपाध्याय से पूछा कि यहां तहसीलदार कौन है तो उनका कहना था कि पूर्व में पदस्थ तहसीलदार से तीन वर्ष पहले वृक्षों की कटाई की अनुमति ली थी। श्री उपाध्याय के इस जबाव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नवागत तहसीलदार श्री ठाकुर उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि मैं यहां तहसीलदार के पद पर पदस्थ हूं तीन वर्ष पूर्व ली गई अनुमति का आज औचित्य नहीं हैं। अगर आपको वृक्षों का निपटराया कटाई करवानी थी तो नए सिरे से अनुमति लेने का प्रावधान है हालांकि तहसीलदार ने व्याख्याता महेन्द्र उपाध्याय से पूर्व में ली गई अनुमति का पत्र मांगा तो उन्होंने पत्र देने में असमर्थता जाहिर की। हालांकि व्याख्याता की भाषा तहसीलदार के प्रति कार्यवाही करने को लेकर वहां मौजूद लोगों को अशोभानीय साबित हुई है। क्योंकि तहसीलदार जैसे पद का निर्वाहन एक जिम्मेवार व्यक्ति को शासन सौंपता है। जिसके सम्मान करने में व्याख्याता पीछे रह गए। इसके साथ ही व्याख्याता ने तहसीलदार के एक सवाल का बेतुका जबाव देते हुए कहा कि आप कार्यवाही करें क्या दिक्कत है।

**शाला प्रबंधन का टालमटोल रहा रवैया :**

बुधवार को अचानक घटे वृक्षों की कटाई के इस मामले को लेकर जहां शाल में पदस्थ प्राचार्य एनडी अहिरवार सब कुछ कहने से बचते रहे और वह न तो मीडिया कर्मियों के समक्ष खुलकर उपस्थित हुए और न ही उन्होंने तहसीलदार जैसे महत्वपूर्ण अधिकारी की कार्यवाही में मदद करने का कोई प्रयास किया। इसके अलावा शाला में कई दशकों से पदस्थ व्याख्याता महेन्द्र उपाध्याय मीडिया के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को सारे उत्तर देते हुए बढ़चढ़ कर दिखाई दिए। हालांकि उनकी भाषा शिक्षकों जैसी परिभाषा में किसी को सुनाई नहीं दी। उन्होंने कहा कि वृक्षों की कटाई इस लिए कराई गई है कि वृक्षों से चीटे गिरते हैं जो छात्रों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न करते हैं ऐसा तर्क सुनकर मौके पर मौजूद शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सहित तहसीलदार हदप्रद रह गए।

**पंचनामा बनाया गया...**

बुधवार को शिकायत मिलने पर जब मैं मौके पर पहुंचा तो वहां शाला परिसर में काफी पेड़ कटे हुए पड़े थे एवं स्कूल के बाहर एक ट्रैक्टर की ट्राली लकड़ियों से लदी हुई खड़ी हुई थी जिला शिक्षाधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। इसके उपरांत मौका मुआयना कर पंचनामा तैयार करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर प्राचार्य को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपर्द किया गया है।

**गोविन्द सिंह ठाकुर, तहसीलदार टीकमगढ**

### प्रथम क्रमोन्नति का आदेश जारी करने संघ ने की मांग

**विदिशा।** प्रांतीय शिक्षक संघ मप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष जाहिद मोहम्मद और प्रदेश सह संगठन मंत्री राजेंद्र राय ने बताया की मप्र राज्य स्कूल शिक्षा सेवा शर्तें एवं नियम 2018 के तहत प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को क्रमोन्नति वेतनमान योजना में शामिल किया जाए। प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक अंतर्गत निरंतर जिन्हें 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले प्राथमिक शिक्षकों को प्रथम क्रमोन्नति की स्वीकृति का आदेश जारी करने की मांग प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने जिले के अधिकारियों से की है। मांग करने वालों में राकेश सोनी विदिशा ब्लॉक अध्यक्ष, प्रकाश श्रीवास्तव ग्यारसपुर ब्लॉक अध्यक्ष, रमेश अहिरवार, संजय शर्मा, राम सिंह कुशवाहा, रवि रैकवार, नितेंद्र राजपूत, अतुल साहू, नेपाल सिंह राजपूत, गोविंद दांगी, भारत सिंह दांगी, तुलसीराम अहिरवार, संतोष सेन, इंद्र सिंह लोधी, धर्मेंद्र राजपूत, विमल पचरैया, उमेश आचार्य, मनीष मीणा, अनिल सोनी, पहलाद बाबू यादव, महेंद्र यादव आदि शामिल हैं।

# बीना कप टूर्नामेंट के आठवें दिन खेले गए पांच मैच



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

स्वर्गीय पंडित राकेश सारोठिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन पांच मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच रेलवे एवं प्रेस क्लब के बीच मैत्री मैच के रूप में खेला गया। मैच के दौरान दर्शक उत्साह में नजर आए। मैत्री मैच बीटी रेलवे बीटी बीना एवं प्रेस क्लब के बीच खेला गया। प्रेस क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 66 रन बनाए। जवाब में बीटी रेलवे ने छह ओवर में मैच जीत लिया। दूसरा मैच जाखलौन एवं सिद्धिविनायक के बीच गया। जिसमें सिद्धि विनायक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 43 रन बनाए। जवाब में जाखलौन ने चार ओवर में मैच जीत लिया। तीसरा मैच विक्टोरिया क्रिकेट क्लब बीना और जमुनिया के बीच खेला गया। जिसमें जमुनिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 रन बनाए। जवाब में विक्टोरिया ने मैच पांच ओवर में ही जीत लिया। चौथा मैच महूना जाट एवं करौंदा के बीच खेला गया। जिसमें करौंदा ने बल्लेबाजी करते हुए 48 रन बनाए। जवाब में महूना जाट ने चार ओवर में मैच जीत लिया। पांचवा मैच सेकंड राउंड का जाखलौन एवं महूना जाट के बीच खेला गया। जिसमें महूना जाट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 152 रन बनाए। जवाब में जाखलौन 10 ओवर में 103 रन ही बना पाई और यह मैच महूना जाट ने 49 रन से जीत लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच संदीप रहे।



# रक्तदान शिविर में डॉक्टरों सहित 24 ने किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सिविल अस्पताल के सभागार में सिविल अस्पताल डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफ एवं स्वास्थ्य सेवा संगठन के द्वारा रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर-56 का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 24 रक्तदाताओं नें रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ बीएमओ डॉक्टर अरविन्द गौर, ब्लड स्टोरेज संेटर प्रभारी अधिकारी डॉक्टर वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, मनीष सिंघई के द्वारा स्वास्थ्य के देवता भगवान धन्वंतरि का पूजन व माल्यार्पण के साथ किया गया। लैब टेक्निशियन रवि बोथ, लैब सहायक पुष्पा कोरी, रामसहाय, जसवंत सेन द्वारा रक्तदाताओं का रक्तदान करवाया गया। रक्तदान शिविर में डॉक्टर वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉक्टर रिया जैन, उमा देवी कुशवाहा, आशीष हुरकट, सार्थक जैन, नितिन राय, अंशुल चौबे, शरद प्रजापति, शिवम साहनी, प्रेम नारायण जांगिड़, हेमंत रैकवार, लक्ष्मण सिंह राजपूत, दिनेश कुशवाहा, मोनू तिवारी, निखिल जोशी, आशीष जैन, अजय राय आदि रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदाता शिवम साहनी द्वारा 27वीं बार रक्तदान किया गया, उन्हें रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर संरक्षक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ठाकुर द्वारा रक्त-क्रांति रक्त-वीर सम्मान प्रदान किया गया एवं रक्तदाता उमा देवी कुशवाहा को रक्त-वीरांगना सम्मान प्रदान किया गया। 11वीं बार रक्तदान करने वाले रक्तदाता अजय राय को रक्त-क्रांति उत्कृष्ट सुरक्षा सम्मान एवं डॉक्टर रिया जैन को उत्कृष्ट महिला सुरक्षा सम्मान प्रदान किया गया। गौ-रक्षा सेवा समिति बीना को उत्कृष्ट जीव एवं पर्यावरण संरक्षण सम्मान प्रदान किया गया। जिसे समिति सदस्य राजेन्द्र यादव, निखिल जोशी आदि द्वारा प्राप्त किया गया।

## 11 महीने में 205 हादसे, 68 लोगों की मौत, 296 लोग घायल

# सितंबर में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट, 11 लोगों ने गंवाई जान, 53 हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

यूं तो जिले में एक्सीडेंट आए दिन हो रहे है, लेकिन एक्सीडेंट के मामलों में वर्ष 2023 के दौरान सितंबर का महीना श्योपुर के लिए काफी खतरनाक रहा। क्योंकि सितंबर के महीने में सबसे ज्यादा 27 एक्सीडेंट हुए है। जिनमें 11 लोगों की असमय ही मौत हो गई। जबकि 53 लोग घायल होकर अस्पतालों में पहुंचे। जिनमें कई गंभीर घायलों को जीवनभर के लिए दिव्यांगता का दंश मिल गया। जबकि कई परिवारों ने अपने इकलौते चिराग को खो दिया तो किसी का सुहाग उजड़ गया।

बढ़ते सड़क हादसों को लेकर सरकार भी चिंतित है। इसलिए सरकार सड़क हादसे रोकने के लिए हर साल कई तरह के प्रयास करती है। इसके बाद भी सड़क हादसे रूक नहीं रहे है। यही वजह है कि केन्द्र सरकार के द्वारा अब सडक हादसे रोकने के लिए एक नया कानून लाया जा रहा है। श्योपुर जिले में भी आए दिन हादसे घटित हो रहे है। जिनमें लोगों की जान भी जा रही है। सडक हादसो में मौतो का सिलसिला साल दर साल बढता जा रहा है। पुलिस विभाग के आंकड़ों की माने तो जिले में एक जनवरी 2023 से 30 नवंबर 2023 तक जिले में 205 सड़क हादसे घटित हुए। 11 महीनों में जिले की अलग-अलग सड़कों पर घटित हुए इन हादसों में 68 लोगों की मौत हो गई। जबकि 296 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल सहित अन्य नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। कई गंभीर घायलों की जान बडी मुश्किल से बच पाई। उन्हें इलाज के लिए दूसरे शहरों के अस्पतालों के लिए रैफर करना पड़ा। जहां उनके इलाज पर हजारों रूपए खर्च हुए।



### राहत भरा अक्टूबर का महीना,हुई तीन की मौत

गुजरे साल 2023 में सितंबर माह में सबसे ज्यादा एक्सीडेंट हुए, लेकिन अक्टूबर का महीना राहत भरा रहा। बताया गया है कि नवंबर माह में 14 सड़क हादसे घटित हुए है। जिनमें 14 लोग घायल हो गए। जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद जनवरी में 15 सडक हादसे घटित हुए, जिनमें 4 लोगो ने अपनी जान गंवाई। जबकि मार्च के महीने में 25 एक्सीडेंट हुए थे, जिनमें 4 लोगों की जान चली गई थी।

### जनवरी से नवंबर तक घटित सड़क हादसे एक नजर में

| माह | हादसे | घायल | मृतक |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 15 | 20 | 04 |
| फरवरी | 10 | 35 | 08 |
| मार्च | 25 | 31 | 04 |
| अप्रैल | 19 | 25 | 07 |
| मई | 24 | 20 | 07 |
| जून | 19 | 31 | 07 |
| जुलाई | 16 | 20 | 07 |
| अगस्त | 17 | 27 | 06 |
| सितंबर | 27 | 53 | 11 |
| अक्टूबर | 14 | 14 | 03 |
| नवंबर | 19 | 20 | 11 |
| योग- | 205 | 296 | 68 |

### लापरवाही पड़ रही भारी

सड़क दुर्घटनाओं के पीछे लापरवाही भी जिम्मेदार है। जानकारों की माने तो सड़क पर ड्राइविंग करने वालों में अप्रशिक्षितों की संख्या काफी अधिक है। सड़कें पहले से काफी बेहतर हुई हैं, ऐसे में बहुत तेज गति से गाड़ी चलाना भी हादसों की बड़ी वजह है। तमाम दोपहिया वाहन हेलमेट का प्रयोग और ट्रैफिक सिग्नल का पालन भी नहीं करते।

### करते हैं जागरूक

वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें,इसके लिए न सिर्फ हम लोगों को जागरूक करते है, बल्कि नियम तोड़ने वालो वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी करते है। इसके बाद भी लोग यातायात नियमों का पालन करने के प्रति गंभीरता नहीं बरत रहे है।

**सतीश दुबे**
यातायात प्रभारी, श्योपुर

---

पार्वती जलावर्धन योजना में हर घर नल अभियान के तहत बिछाई लाइन

# 50 साल इंतजार के बाद पहुंचेगी चंबल कॉलोनी में पीने के पानी की लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के बीचो-बीच बनी जल संसाधन विभाग के स्वामित्व वाली चंबल कॉलोनी में अब 50 साल बाद पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। ज्ञात हो कि चंबल कॉलोनी में पानी की व्यवस्था ठीक नहीं होने से यहां रहने वाले पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। लोगों को नगर पालिका की पाइपलाइन से लंबी लाइन खींच कर घरों तक पानी ले जाना पड़ रहा है। अब पार्वती जलावर्धन योजना कहते हैं ₹हर घर नल₹ अभियान के तहत चंबल कॉलोनी में भी पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

50 साल पहले बनाई गई चंबल कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति के लिए सलापुरा के कुएं से पाइपलाइन ले जाई गई थी, लेकिन इस पाइप लाइन से पानी सप्लाई कम होने और पाईप लाईन जर्जर होने के कारण अधिकतर क्वार्टरो में पीने के पानी के लिए लोग नगर पालिका की पाइपलाइन से दूसरे क्षेत्रों से कनेक्शन लगाने को मजबूर हो रहे हैं। इस समस्या का निदान अब पार्वती जलावर्धन योजना में हर घर नल अभियान के तहत होता दिख रहा है। चंबल कॉलोनी में पाइपलाइन डालने के लिए नगर पालिका को जल संसाधन विभाग स्वीकृति नहीं देता था अब वहां पर जेसीबी से खुदाई कर लाइन बिछाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।



### दो विभागों के बीच पिसे कर्मचारी

चंबल कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का हमेशा अभाव रहा है, हालांकि जल संसाधन विभाग ने अपने कर्मचारियों के रहने के लिए सुव्यवस्थित क्वार्टर बने थे लेकिन अब इन क्वार्टरों में व्यवस्था और अतिक्रमण इतना अधिक बढ़ गया है कि यह गांव देहात की बस्ती अधिक दिखाई देती है। सड़क नहीं होने से निकलना भी दूभर हो गया है। जल निकासी नहीं होने से बारिश के समय जगह-जगह पानी के तालाब भर जाते हैं जिससे लोग बीमार हो रहे हैं। सीवर लाइन नहीं होने से परेशानी और अधिक बढ़ रही है यह कालोनी जलसंसाधन विभाग के स्वामित्व में होने के कारण नगर पालिका यहां काम नहीं करती है, अगर किसी तरह नगर पालिका काम कराना भी चाहे तो जल संसाधन विभाग उसे स्वीकृति नहीं देता है।

---

# शिक्षा विभाग को 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 80 प्रतिशत लाने का टारगेट

कलेक्टर ने टारगेट पूरा करने के दिए निर्देश, बुलाई प्राचार्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के शिक्षा विभाग को इस साल कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 80 प्रतिशत लाने का टारगेट मिला है। कलेक्टर संजय कुमार ने जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम को सुधारने की दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए शिक्षा विभाग को टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए है। साथही 4 जनवरी को जिले के सभी हाईस्कूल व हायरसेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुलाई है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिले के सभी प्राचार्यो को पूरी कार्य योजना के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

दरअसल जिले के हाईस्कूल और हायरसेकंडरी की बोर्ड परीक्षा के परिणाम में पिछले कुछ सालों से गिरावट देखने को मिल रही है। गत वर्ष 2022-23 में जिले का हाईस्कूल कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम 62.69 प्रतिशत तथा हायरसेकंडरी का रिजल्ट 56.36 प्रतिशत रहा था। जो सराहनीय नहीं रहा है। कलेक्टर संजय कुमार ने पिछले दिनों आयोजित हुई शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान इस स्थिति खासी नाराजगी जताई और जिला शिक्षा अधिकारी रविन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार जिले का कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से कम नहीं रहना चाहिए। सभी स्कूलों के प्राचार्यो को प्रयास करना चाहिए कि उनके स्कूल का रिजल्ट 80 प्रतिशत रहे।

### आज प्राचार्यों के साथ बैठक करेंगे कलेक्टर

बोर्ड परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए जिले के सभी हाईस्कूल और हायरसेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक कलेक्टर संजय कुमार के द्वारा 4 जनवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में बुलाई गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी पूरी तैयारी के साथ बैठक में आने के लिए कहा गया है। बताया गया है कि इस बैठक में कलेक्टर संजय कुमार सभी स्कूलो के प्राचार्यो से बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर वन टू वन चर्चा करेगे और रणनीति बनाएंगे कि सभी स्कूलों का बोर्ड परीक्षा परिणाम 80 फीसदी रहे।

### बैठक बुलाई

बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर लाने के लिए कलेक्टर साहब की ओर से निर्देश दिए गए है और 4 जनवरी को सभी प्राचार्यो की बैठक भी बुलाई गई है। बैठक में पूरी कार्य योजना के साथ सभी प्राचार्यों को आने के लिए कहा गया है।

**रविन्द्र सिंह तोमर**
डीईओ,श्योपुर

---

शहर में बढ़ी आवारा मवेशियों की संख्या, गौ सेवक भी परेशान

# किसानों के लिए मुसीबत बने निराश्रित गौवंश, जंगलों में हांके जा रहे गायों के झुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

गांव में निराश्रित गौवंश के झुंड किसानों के लिए काल का सबक बन गए हैं। सैकड़ो की संख्या में घूम रहे गौवंश को खेतो में जाने से रोकने के लिए किसान दिन रात हाथों में डंडे लेकर खेतों में पहरा देते दिख रहे हैं, इसके बावजूद नज़र चूकते ही किसानों की खून पसीने से सींची गई फसल को यह निराश्रित गोवंश थोड़ी ही देर में चट और बर्बाद कर जाते हैं। इस बर्बादी से बचने के लिए किसान निराश्रित गौ वंशों के झुंडों को निकाल कर जंगलों की ओर हांक रहे है। जंगलों से वापस लौट रहे गौवंश के झुंड शहर में रूककर यातायात व्यवस्था भी बिगाड़ रहे है। हाईवे पर लगातार गौ वंश के घायल होने से गौ सेवकों की भी परेशानी बढ़ गई है।

शहर में इन दिनों जगह-जगह बाजार में गायों के झुंड देखे जा रहे हैं। चौराहा, मुख्य बाजारों में खड़े रहने वाले इन मवेशियों की वजह से यातायात व्यवस्था बदहाल हो गई है, इस समय गांव में गेहूं, चना, सरसो, सब्जियों इत्यादि की फसल तैयार हो रही है। इन फसलों को गांव में विचरण कर रहे मवेशियों से खतरा उत्पन्न हो रहा है। मवेशियों को ग्रामीण झुंड बनाकर जंगल में ले जाकर छोड़ रहे हैं। जंगल से गौ वंश वापस शहर की ओर लोट रहे है। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह गड़बड़ा गई है। आश्चर्य की बात यह है कि, इन मवेशियों पर गांव क्या शहर में भी कोई मालिकाना हक जताने वाला नहीं है। इसलिए इन निराश्रित गायों को या तो ग्रामीण झुंड बनाकर जंगल में छोड़ रहे हैं या शहर तक छोड़कर ट्रैफिक व्यवस्था को बदहाल कर रहे हैं। इन दिनों अचानक शहर के बंजारा डैम के पुल पर, बड़ौदा रोड, मैन बाजार, सूबात चौराहा, गांधी पार्क, पुराना बस स्टैंड, पाली रोड, शिवपुरी रोड, सलापुरा पुल आदि ऐसे कोई स्थान नहीं है जहां पर गायों का झुंड ना मिले। गायों की वजह से लोगों को अपने दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी तो रात में सड़क पर पसरी गायों की वजह से आ रही है। सड़क से गुजरने वाले वाहनों से कई गायों के पैर आदि कुचल रहे हैं। इनका इलाज करने के लिए गौसेवकों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। गौ सेवक रोज ऐसे घायल होने वाली गायों के इलाज में जुटे है।



### इलाज कर रहे हैं

ग्रामीणों द्वारा अपने फसल बचाने के लिए गायों को शहर में हांक दिया है। बाजार और हाईवे पर रोजाना गायों के पैर वाहन से कुचलने और घायल होने की सूचना मिल रही है। ऐसी घायल गायों को हम गौ सेवा केंद्र में रख कर इलाज कर रहे हैं।

**किम्मी गौतम**
जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय गौ सेवा संघ,श्योपुर

---

# युवाओं ने मंदिर के पीछे लगाई फुलवारी, रोजगार सहायक ने उजाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा तहसील के ग्राम बेहडावद में स्थित भगवान देवनारायण मंदिर के पीछे खाली पडी भूमि को उपयोगी बनाते हुए गांव के युवाओं ने वहां पुष्प और फलदार पौधो का रोपण कर दिया ताकि मंदिर की सुंदरता बढ सके और श्रद्धालु भी भगवान को चढाने के लिए इस फुलवारी से पुष्प तोड़ सके। मगर ग्राम पंचायत बेहडावद के रोजगार सहायक ने दबंगई दिखाते हुए रोपे गए पौधो को उखाड कर फेंक दिया और जिन लोगो ने इसका विरोध किया,उन्हें धमकाते हुए चुप करा दिया। इस तरह का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बुधवार को बडौदा तहसीलदार को आवेदन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम पंचायत बेहडावद का रोजगार सहायक बालमुकुंद मीणा इसी गांव का निवासी और उस सरकारी जमीन को कब्जाने के फिराक में है। इस संबंध में बडौदा तहसील के राजस्व निरीक्षक दिव्यराज धाकड ने बताया कि तहसीलदार साहब के पास इस तरह का आवेदन पहुंचा है। संबंधित हल्का पटवारी को मौके पर भेज कर मामले को दिखवाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उधर रोजगार सहायक बाल मुकुंद मीणा ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि वह जमीन सरकारी न होकर हमारी पुश्तैनी जमीन है।



### एकता परिषद के बैनर तले आदिवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**श्योपुर।** जो जमीन सरकारी है वह जमीन हमारी है सहरियाओ की जमीनों पर दबंगों का बेजा कब्जा तत्काल हटाओ, जल जंगल जमीन पर आदिवासियों को प्राप्त अधिकार लोटाओ आदि नारों से कलेक्ट्रेट परिसर बुधवार को समय गूंज उठी जब एकता परिषद के बैनर तले सैकड़ो की संख्या में पहुंचे आदिवासियों ने कलेक्टर के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा और मांग की है कि पेसा एक्ट का कड़ाई से पालन किया जाए,बाहरी व्यक्तियों को दिए पट्टों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाये, स्थानीय काबिज भूमिहीनों का सर्वे (जाँच) करवा के तत्काल व्यवस्थापन कर उन्हें उसी भूमि के पट्टे प्रदान किए जाए। सरकार शिक्षित सहरिया आदिवासी बेरोजगार लड़के व लडकियों को शासकीय विभागों में पड़े रिक्त पदों को योग्यता अनुसार सीधी भर्ती से भरा जाए। सहरिया आदिवासी बस्तियों में बिक रही अवैध शराब को बंद किया जाये,कुसवानी में बिजली व्यवस्था स्थापित की जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान गंगाराम आदिवासी अध्यक्ष एकता परिषद, रामनाथ चौहान अध्यक्ष 84 पंचायत, छोटेलाल सेमरिया, घनश्याम, हरबिलाश, जगदीश सलमान्या, खेमराज राडेप, अजय अकोरिया सहित अनेक सहरिया मौजूद थे

---

### थोथा ज्ञान अभिमान बढ़ाता है, भक्ति नम्रता को लाती है:राघव ऋषि



**श्योपुर।** शहर से सटे गांव चौंडपुर में ऋषि सेवा एवं पर्यावरण समिति, श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के विश्राम दिवस में पूज्य राघव ऋषि ने कहा मनुष्य योगी नहीं बन सकता तो उपयोगी अवश्य बने। उद्धव प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि भक्ति को यदि ज्ञान का साथ होता है तो जीवन पूर्ण बनता है। ज्ञान, प्रेम के बिना यह निरर्थक है। ज्ञान, भक्ति और वैराग्य तीनों का समन्वय होने से प्रभु मिलन होता है। थोथा ज्ञान अभिमान को लाता है जबकि भक्ति नम्रता को लाती है। उद्धव जी ज्ञानी थे अतः अहंकार जीवन में था। जीव ईश्वर का स्मरण करें यह साधारण भक्ति है परंतु वह भक्त धन्य है जिसे भगवान याद करें द्य भक्ति ऐसी करो कि स्वयं भगवान तुम्हारा स्मरण करें द्य गोकुल, गोपियों को याद करके भगवान रोते थे। भगवान ने उद्धव जी से कहा कि तुम ब्रज जाओ। वहाँ उनको वेदान्त का उपदेश दो ताकि वे मुझे भुला दें। उद्धव जी ने प्रभु से कहा गोपियाँ अनपढ़ है वह मेरे ब्रह्मज्ञान को कैसे समझेंगी। उद्धव जी ब्रज में गए परंतु नन्द-यशोदा, गोपियों के प्रेम को देखकर उनका ज्ञानाभिमान हवा हो गया। वे सोचने लगे ये सभी कण-कण में भगवान के अस्तित्व का अनुभव कर रहे हैं। यह अनपढ़ रहकर भी ब्रह्म की सर्वव्यापकता का अनुभव कर रहे हैं और मैं वर्षों से ब्रह्म के वेदान्त का रटन - चिंतन करता हूं परन्तु उनका दर्शन नहीं कर रहा हूं मेरा ज्ञान निरर्थक है। पूज्य राघव ऋषि ने कहा कि सत्संग और भक्ति, दोनों को एक दूसरे की आवश्यकता है। सत्संग करने वाला यदि परमात्मा का भजन नहीं करेगा तो उसका सत्संग निरर्थक ही रहेगा। पत्थर हमेशा गंगा जी में स्नान करता है फिर भी वह पत्थर रहता है। इसी प्रकार कई मनुष्य कथा श्रवण तो करते हैं किन्तु भक्तिमय न होने के कारण उनका जीवन सुधर नहीं पाता। अपने चरित्र से यदि अपनी आत्मा को संतोष मिले तभी मानो कि तुम्हारा स्वभाव सुधरा है। कथा के दौरान सौरभ ऋषि ने "ई चमक ई दमक फुलवन मां महक" भजन गाया तो श्रोता नृत्य करने पर विवश हुए। कथा विश्राम अवसर पर समिति द्वारा पूज्य ऋषिजी सहित समस्त संगीतज्ञ एवं विद्वानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, महावीर सिसोदिया, जगदीश गर्ग, सुरेशचन्द त्यागी, कैलाश गुप्ता, रमेश नामा, आलोक चौहान, हेमवती नन्दन अग्रवाल विनोद अग्रवाल, विनोद मीणा, कमल मीणा, मनोज राय, धनराज मीणा, दिलखुश मीणा, रोशन लाल मीणा, गोवर्धन सुमन, शिववीर परिहार, शिवशंकर कुलश्रेष्ठ सहित अनेक भक्तगणों ने इस वर्ष के कथा की भव्य विश्राम आरती की।

---

18 करोड़ी नगरपालिका में खजाना खाली होने से गड़बड़ाई व्यवस्था

# वेतन के पड़े लाले तो बकाया वसूली करने सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हुए नपाकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विधानसभा चुनाव और उससे पहले लाडली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं में लगने के दौरान ठप हुई विभिन्न करों की वसूली और टीटी (चुंगी क्षतिपूर्ति राशि) में कटौती होने से नगरपालिका में कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ गए, 3 माह तक वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों की बढ़ती नाराजगी को दूर करने के लिए परिषद खूब जतन कर रही है लेकिन परिषद के ये प्रयास फिलहाल नाकाफी ही साबित हुए हैं, जिसके चलते अब परिषद ने उन लोगों से वसूली करने का अभियान चलाया है जो योजनाओं का लाभ तो ले रहे हैं लेकिन उस पर लगने वाला टैक्स व किराया जमा नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते अब कर्मचारी नगर के विभिन्न क्षेत्रों पहुंचकर लोगों से बकाया वसूली कर रहे हैं। ज्ञात हो कि नगरपालिका को 55 स्त्रोतों से करीब 18 करोड़ रुपये साल की आय होती हैं। कुछ महीनों से वसूली नही आने से नगर पालिका का खजाना खाली हो गया है।

इन दिनों नगरपालिका के कर्मचारी किसी भी घर के आगे रजिस्टर लेकर खड़े दिख जाएंगे। यह कर्मचारी लोगों से उनके घरों में लगे नलों का बकाया जलकर वसूली एवं भवन टैक्स और समेकेतिक कर वसूल करने पहुंच रहे हैं। नलों का किराया प्रति कनेक्शन 60 और 80 रुपये, दुकान का किराया प्रति दुकान 01 हजार रुपये, समेकेतिक कर प्रति घर 75 रुपये सालाना एवं वर्गफीट के हिसाब से हाउसटैक्स वसूला जा रहा हैं। नगरपालिका को मिलने वाला यह टैक्स वैसे तो लंबे समय से बकाया हैं, लेकिन विगत कुछ माह में यह वसूली बेहद कम हो गई। इससे नगरपालिका को वेतन निकालना भी भारी पड़ गया है। इससे निपटने के लिए नगरपालिका ने अब हर वार्ड में अपने कर्मचारियों की टीम बनाकर वसूली करने का अभियान शुरु किया है।



### 10 हजार नलों से जलकर के बाकी 3 करोड़

शहर में 10 हजार से अधिक नल, पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए हैं। उक्त नलों से पहले 20 और 40 रुपये प्रतिमाह जलकर वसूला जाता था, अब इसे बढ़ाकर 60 और 80 रुपये कर दिए हैं। शहर में जलकर वसूली 3 करोड़ रुपये से भी अधिक हैं। इसे वसूलने में ही कर्मचारियों को अधिक मशक्कत करनी पड़ रही हैं। जलकर वसूली के लिए पहुंच रहे कर्मचारी लगे हाथ समेकेतिक कर भी वसूल रहे हैं। अपने भवन का मालिकाना हक इस कर के माध्यम से होने की वजह से अधिकतर लोग इस कर को जमा करने में गुरेज नहीं करते।

### नाम मात्र का किराया वो भी नहीं कर रहे जमा

शहर में नगरपालिका की 6 सैंकड़ा से अधिक दुकानें संचालित हैं। उक्त दुकानों से अभी तक नगरपालिका महज़ 300 रुपये से 500 रुपये तक किराया वसूल कर रही है। यह नाम मात्र का किराया भी दुकानदार समय पर जमा नहीं कर रहे हैं जबकि जिस जगह ये दुकानें हैं वहां पर प्रायवेट दुकानें 5 हज़ार रुपए से भी अधिक मासिक किराए पर जा रही हैं। दुकानों पर किराया वसूली को पहुंच रहे कर्मचारियों के सामने दुकानदार किराया अदा करने के बजाए बहानेबाजी कर रहे हैं।

### दिया था दो माह का वेतन एक साथ देने का आश्वासन

तीन माह से वेतन में नहीं मिलने से नाराज कर्मचारियों ने विगत दिनों कलम बंद हड़ताल कर सीएमओ के चेंबर के सामने धरना दे दिया था। इस धरने से घबराए नपाध्यक्ष पति ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों को आश्वस्त किया था कि वह धरना समाप्त कर कम पर लौट जाए और जनवरी के प्रथम सप्ताह में उन्हें दो माह का वेतन एक साथ दिला दिया जाएगा। अब जनवरी का प्रथम सप्ताह चल रहा है ऐसे में खजाना खाली होने से फिर वेतन के लाले पड़ रहे हैं लिहाजा खाली खजाने को भरने के लिए अब बकाया वसूली पर जोर दिया जा रहा है।

---

ड्राइवरों की हड़ताल स्थगित होने से बुधवार को चली यात्री बसे

# टूटा गतिरोध, तीसरे दिन घूमे जाम पड़े वाहनों के पहिए, यात्रियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

तीन दिन से चल रही ड्राइवरों की हड़ताल मंगलवार की रात दिल्ली में सरकार से हुई वार्ता के बाद टूट गई जिसका असर श्योपुर में भी बुधवार को देखने को मिला। हड़ताल के चलते विगत तीन दिनों से बस स्टैंड पर खड़ी बसें बुधवार को अपने अपने रूट पर सवारियों को लेकर रवाना हुई। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

साल की पहली तारीख पर थमे बसों के पहियों ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी थी, तीन दिनों से यात्रा करने के लिए परेशान यात्रियों को बुधवार के दिन यात्रा का अवसर तब मिला जब ड्राइवरों की हड़ताल खत्म होने के बाद यात्री बसों पर भी ड्राइवर वापस लौट आए एकिकृत बस स्टैंड श्योपुर से सवाई माधोपुर और दूसरे स्थान पर जाने वाले यात्रियों की भीड़ बस स्टैंड पर लग गई जिन लोगों के काम बिगत तीन दिनों से यात्रा नहीं होने की वजह से रुके थे वह आनन फानन में दूसरे शहर पहुंचकर अपने कामकाज में जुट गए।



### टैक्सियों की हड़ताल ने और बढ़ाई परेशानी

बसों के साथ निजी टैक्सियों के ड्राइवर की हड़ताल ने भी यात्रियों की परेशानी को कई गुना बढ़ाने का काम किया, जो लोग अपने जरूरी काम के लिए शहर से बाहर जाना चाहते थे वह बस बंद होने के कारण टैक्सिया तलाशते देखे गए लेकिन टैक्सी के ड्राइवर भी हड़ताल पर होने से लोगों को बाहर जाने का कोई साधन नहीं मिला। इस दौरान सवाई माधोपुर और कोटा से रेलवे से यात्रा करने वाले लोग सबसे अधिक परेशान होते दिखाई पड़ रहे थे।

**खबर संक्षेप**

### भतीजी की ससुराल गए चाचा से मारपीट

**शिवपुरी।** भतीजी के घर में हो रहे विवाद को सुलझाने उसके ससुराल पहुंचे चाचा से महिला के देवर ने मारपीट कर दी। जिससे वो घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलारस थाना पुलिस ने मोहरा के रहने वाले आरोपी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

तेंदुआ थाना क्षेत्र के पहाड़ी गांव के रहने वाले रामकिशन जाटव ने बताया कि उसकी भतीजी गायत्री की शादी कोलारस थाना क्षेत्र के मोहरा गांव के रहने वाले राजमल जाटव से हुई थी। भतीजी गायत्री को ससुराल में किसी बात को लेकर परेशान किया जा रहा था। इसकी सूचना उसने फोन पर दी थी। वह मंगलवार अपने भतीजे गोपाल के साथ भतीजी की ससुराल मोहरा विवाद को सुलझाने गया हुआ था। तब ही बातचीत के दौरान उसके देवर ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। रामकिशन की शिकायत पर कोलारस थाना पुलिस ने आरोपित सनी देवल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### चलते ऑटो से कूदकर घायल हुआ युवक

**शिवपुरी।** जिले के राजेश्वरी रोड पर मंगलवार रात चलती ऑटो से कूदने पर एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना मंगलवार रात करीब 3 बजे की है, युवक ऑटो से अपने घर आ रहा था लेकिन ऑटो चालक पर शक होने के कारण उसने चलती ऑटो से छलांग लगा दी। ऑटो से कूदने के बाद युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कमलागंज निवासी 25 वर्षीय अंकित जाटव दिल्ली में नौकरी करता था। वह छुट्टी पर अपने शहर शिवपुरी वापस आया था। मंगलवार रात शिवपुरी रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद उन्होंने कमलागंज स्थित अपने घर के लिए ऑटो लिया। जहां राजेश्वरी रोड पर चलती ऑटो से कूदने के कारण वह घायल हो गया। अंकित की मां अनीता ने बताया कि ऑटो में उनके बेटे के साथ एक और यात्री था। ऑटो चालक ने ऑटो को दूसरी गली में मोडने की कोशिश की। जिससे बेटे को शक हो गया और वह चलती ऑटो से कूद गया।

### बेकाबू होकर पलटा मक्का से भरा ट्रक

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के अमोला थाना क्षेत्र में आज बुधवार की सुबह एनच 27 पर कोहरे के चलते एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। ट्रक के पलट जाने से हाईवे की एक पट्टी पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अमोला थाना पुलिस ने रूट को डायवर्ट कर दूसरी पट्टी से वाहनों का आवागमन शुरू करवाया। तब कहीं जाकर हाईवे पर लगा जाम हट सका।

जानकारी के मुताबिक ट्रक (यूपी 93 डीटी 7369) मक्के को भरकर शिवपुरी की ओर से लखनऊ जा रहा था। इसी दौरान आज सुबह 4 बजे अमोला पुल और कुशवाह होटल के पास फोरलेन हाईवे पर ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। ट्रक के पलट जाने से ट्रक में भरी मक्के की बोरिया सड़क पर फैल गई जिससे आवागमन बाधित हो गया था। आज सुबह क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को सीधा कर हाईवे से हटाया गया। इस घटना में ट्रक का स्टाफ मामूली घायल हुआ है। बताया गया है यह हादसा कोहरे की वजह से हुआ है।

### तेंदुआ में वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**सिरसौद।** कोर्ट झांसी फोरलेन हाइवे सड़क पर एक तेंदुआ की सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची नेशनल पार्क की टीम में मृत तेंदुआ शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कोर्ट झांसी फोरलेन हाइवे सड़क पर मंगलवार की रात करीब 6:45 बजे सुरवाया थाना से झांसी की तरफ करीब 3 किमी दूर हनुमान मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुआ की मौत हो गई। जिसकी सूचना राहगीरों ने सुरवाया थाना प्रभारी रामेंद्र चौहान को दी। सूचना के बाद मौके पहुंचे थाना प्रभारी ने नेशनल पार्क के अधिकारी को घटना की सूचना दी। जिसके बाद नेशनल पार्क की टीम मौके पर पहुंची और मृत तेंदुआ को कब्जे लेकर जांच शुरु कर दी।

## मैं उन्हें राष्ट्रमाता ही कहूंगा क्योंकि उन्होंने शिक्षा की ज्योति जगाई: महेंद्र अहिरवार

# सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय में मनाई गई देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती

## बड़ी संख्या में शामिल हुए स्कूली बच्चे और अन्य वरिष्ठ नागरिक गण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

अत्याचार,अपमान सहते हुए भी वे अपने मार्ग से किंचित भी विचलित नहीं हुईं और सभी बाधाओं को पार करते हुए महान-समाज सुधारिका, कवियत्री, विद्वान बनीं ऐसी ज्ञानमूर्ति सावित्री बाई फुले जी की जयन्ती के निमित्त आज 3 जनवरी को सावित्री बाई फुले जी की जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम विद्याभारती मध्य भारत प्रान्त के शिवपुरी विभाग के सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय में मनाई गई । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेन्द्र अहिरवार आचार्य विज्ञान विभाग एवं अध्यक्षता दिनेश अग्रवाल प्राचार्य सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय द्वारा की गई ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता महेन्द्र अहिरवार ने कहा कि सावित्री बाई फुले नारी मुक्ति आन्दोलन की पहली नेता तथा देश की पहली महिला अध्यापिका रही । सावित्री बाई का जन्म 3 जनवरी 1831 में हुआ द्ध उनका विवाह 9 वर्ष की आयु में पूना के ज्योतिबा फुले के साथ हुआ इस के बाद सावित्री बाई के जीवन में परिवर्तन आरंभ हो गया। 19 वी सदी में बाल विवाह छुआछूत सतीप्रथा जैसी कुरीतियाँ बुरी तरह व्याप्त थी महाराष्ट्र के महान सुधारक, विधवा पुनर्विवाह तथा स्त्री शिक्षा , नारी समानता





के अगुआ महात्मा ज्योतिबा फुले की धर्मपत्नी ने अपने पति के सामाजिक कार्यों में कंधे से कन्धा मिलकर काम किया अनेक बार उनका मार्ग दर्शन भी किया।

उनकी जीवनी एक औरत के जीवन और मनोबल को समर्पित है। सावित्री बाई ने तमाम विरोध और बाधाओं के बावजूद- धैर्य और आत्म विश्वास से अपना कार्य आगे बढ़ाती रही। उन्होंने भारतीय समाज में स्त्रियों की शिक्षा की जोत जलाने की एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई द्ध वे प्रतिभाशाली कवयित्री, आदर्श अध्यापिका, निस्वार्थ समाज सेविका एवं सत्य शोधक समाज का नेतृत्व करने वाली महान नेता थी। वह समय स्त्रियों के लिए अंधकार पूर्ण था नारी शिक्षा का प्रचलन नहीं था। विवाह के समय तक सावित्री बाई की स्कूली शिक्षा नहीं हुई थी और ज्योतिबा फुले तीसरी कक्षा पढ़े थे पर उनके मन में समाज की कुरुतियाँ दूर करने की और समाज सेवा की तीव्र इच्छा थी।

सर्वप्रथम उन्होंने सावित्री बाई को शिक्षित करना आरंभ किया। आम के पेड़ के नीचे विद्यालय लगाकर स्त्री शिक्षा की पहली प्रयोगशाला आरंभ हुई, उन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त कर अध्यापन का प्रशिक्षण लिया तथा भारत की पहली महिला अध्यापिका बनाने का गौरव प्राप्त किया, इस कार्य में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा, 1848 में उन्होंने पूना में पहला बालिका विद्यालय खोला, जब वे स्कूल में पढ़ाने जाती थी तब रास्ते में उन्हें खूब कटाक्ष सुनने पड़ते तथा कीचड तथा गन्दगी उनके अंग पर डाली जाती थी, वे अपने साथ रोज एक साड़ी ले जाती थी द्ध जिसे बदलकर विद्यालय में पढ़ाती तथा फिर से गन्दी साड़ी पहन कर वापस घर आती थी लेकिन इस तरह की अन्य कई परेशानियों का सामना करते हुए भी समाज सुधारक के कार्य में निरंतर अग्रसर होती गई। धीरे धीरे पिछड़ी जाति के बच्चे, विशेष रूप से लड़कियाँ बड़ी संख्या में विद्यालय में आने लगी और ज्योतिबा झ्र सावित्री दम्पति ने अगले चार वर्षों में 18 विभिन्न स्थानों पर स्कूल खोले। इसके बाद उन्होंने अपना ध्यान बाल विवाह, विधवा विवाह पर केन्द्रित किया तथा 29 जून 1853 में बाल हत्या प्रतिबंधक घर की स्थापना की द्य इसमें विधवाएं बच्चें को जन्म दे सकती थी तथा यदि वे बच्चे को न ले जा सके तो बच्चे को वही छोड़कर जा सकती थी इस अनाथालय की सम्पूर्ण व्यवस्था सावित्री बाई खुद देखती थी तथा वहाँ के सभी बच्चो का लालन पालन, देख रेख एक मां की तरह करती द्य इसी तरह सावित्री बाई फुले द्वारा विधवा पुनर्विवाह प्रोढ शिक्षा तथा मजदूरों के लिए रात्रि पाठशाला का कार्य भी किया गया।

1876-77 में जब पूने में अकाल पड़ा तब सावित्री, ज्योतिबा दम्पति ने 52 स्थानो पर अन्न छात्रवास खोले, तथा 2000 बच्चों के लिए भोजन का प्रबंध किया, ज्योतिबा, सावित्री दम्पति संतानहीन थे उन्होंने 1874 में एक विधवा ब्राह्मणी के नाजायज बच्चे को गोद लिया द्य उसका नाम यशवंतराव फुले रखा गया जो पढ लिख कर डॉक्टर बना । 1890 में महात्मा ज्योतिबा फुले के निधन के बाद सावित्री बाई ने उनके आन्दोलन को मजबूती से आगे बढ़ाया, 1897 में पूने में प्लेग के मरीजों का इलाज करने के दौरान उन्हे भी प्लेग ने धर दबोचा,10 मार्च 1897 को उनका निधन हो गया। भारत में उस समय अनेक पुरुष समाज सुधारक के कार्य में लगे थे लेकिन एक महिला होकर पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर जिस प्रकार काम किया वह आज के समय में भी अनुकरणीय हैं द्य आज भी महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले का एक दूसरे की प्रति तथा एक लक्ष्य के प्रति समर्पित जीवन आदर्श दाम्पत्य की मिसाल हैं।

सावित्रीबाई प्रतिभाशाली कवियित्री भी थीं। इनके कविताओं में सामाजिक जन-चेतना की आवाज पुरजोर शब्दों में मिलाती है। उनका पहला कविता-संग्रह सन 1854 में (काव्य फुले) नाम से प्रकाशित हुआ और दूसरी पुस्तक बावनकशी सुबोध रत्नाकर' शीर्षक से सन 1882 में प्रकाशित हुई। समाज सुधार के कार्यक्रमों के लिये सावित्रीबाई और ज्योतिबा को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पैसे की तंगी के साथ-साथ सामाजिक-विरोध के कारण उन्हें अपने घर परिवार द्वारा निष्कासन को भी झेलना पड़ा लेकिन वे सब कुछ सहकर भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित बने रहे। भारत में उस समय अनेक पुरुष समाज सुधार के कार्यक्रमों में लगे हुए थे लेकिन महिला होकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिस प्रकार सावित्री बाई फुले ने काम किया वह आज के समय में भी अनुकरणीय है।

### रामलला के दर्शन के लिए पीले चावल देकर किया निमंत्रित



**दिनारा।** 22 जनवरी को रामलला की अयोध्या मे भव्य नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है । इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए पूरे देश में पीले चावल देकर घर,घर,हिंदू समाज के लोगो निमंत्रण दिया जा रहा है । इसी क्रम मे दिनारा मे आरएसएस कार्यकर्ताओ,धर्मप्रेमियों,राम भक्तो ने मिलकर डीजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली और घर,घर पीली चावल देकर निमंत्रण दिया । यात्रा मे जगह,जगह अक्षत कलश का पूजन किया गया और पुष्प वर्षाकर यात्रा का स्वागत किया । श्रीराम के जयकारों पूरा क़स्बा राममय हुआ ।

यात्रा के मुख्य व्यवस्थापक आरएसएस कार्यकर्ताओ का संकल्प है की जहां,जहां से हम समर्पण लेने आए थे वहां हम अक्षत देने जाएंगे। इस पुनीत अवसर पर गिर्राज धरण मंदिर के महंत रामदास महाराज,जिला व्यवस्था प्रमुख राजेन्द्र स्वर्णकार,खण्ड सह संघचालक सुखनंदन कुशवाह, खण्ड कार्यवाह बलराम राय एवं स्वयंसेवक बन्धु सहित धर्मप्रेमी,राम भक्त शामिल थे ।

# 22 दिनों से फुंकी पड़ी थी डीपी विधायक जैन ने बदलवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के वार्ड क्रमांक 1 बछोरा में पिछले 22 दिनों से डीपी फुकी हुई पड़ी थी । मामले को लेकर यहां के रहवासियों ने कई बार बिजली विभाग को सूचना दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई । बीते रोज यहां के वार्ड वासी पुराने बस स्टैंड स्थित एई दफ्तर पहुंचे और घेराव करते हुए नारेबाजी की गई और डीपी बदलने को लेकर जेई को एक ज्ञापन सोपा गया और कहा कि अगर डीपी नहीं बदली तो आंदोलन करेंगे लेकिन इसके बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई । जिस पर वार्ड क्रमांक एक के पार्षद अमरदीप शर्मा वार्ड वासियों के साथ विधायक देवेंद्र जैन के पास पहुंचे और उन्होंने अपनी समस्या के बारे में अवगत कराया। विधायक देवेंद्र जैन ने तुरंत बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को फोन लगाया और जल्द समस्या का निराकरण किए जाने की बात कही जिस पर अगले ही दिन बिजली विभाग के कर्मचारी नई डीपी लेकर पहुंचे और फुकी डीपी को उतार कर नई डीपी लगाई गई। विधायक देवेंद्र जैन ने अपने पुत्र सक्षम जैन को भेजा और काम देखने को कहा जिस पर सक्षम जैन मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपने ही सामने फुकी हुई डीपी को उतरवाकर नई डीपी लगवाई सक्षम ने कहा कि उन्हें पिता द्वारा काम देखने को कहा गया था जिस पर वह मौके पर पहुंचे उनका कहना था क्षेत्र के किसी भी नागरिक को परेशानी आती है तो वह परेशानी विधायक देवेंद्र जैन की होगी और उसका निराकरण यथा संभव किया जाएगा। डीपी बदलने पर बार्ड के नागरिकों ने विधायक देवेंद्र जैन का आभार जताया।



# अस्पताल परिसर में पेड़ सड़क पर गिरा

## जेसीबी से हटाया, अलाव लगाने लकड़ियों के लिए

**शिवपुरी ।** शिवपुरी के जिला अस्पताल परिसर के पार्किंग क्षेत्र में लगा एक विशालकाय पेड़ मंगलवार की देर शाम धराशाई हो गया। पेड़ अस्पताल के बाहर सड़क पर जाकर गिर गया। जिससे आवागमन बाधित हो गया। गनीमत रही कि जिस वक्त पेड़ गिरा उस वक्त उसकी चपेट में कोई भी नहीं आया नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। पेड़ के गिरने के बाद करीब 1 घंटे तक सड़क पर आवागमन बंद हो गया इसके बाद नगर पालिका की जेसीबी की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ को हटाया गया। बताया गया है कि यह पेड़ वर्षों पुराना है। इसके चलते यह पेड़ सूख भी चुका है मंगलवार की शाम पेड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर अस्पताल की जाली को तोड़ते हुए सड़क पर जा कर गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से राजगीर बाल बाल बच गए। बता दें, कि पेड़ के गिरने के बाद से ही पेड़ की टूटी लड़कियों की लूटने की होड़ लग गई। जैसे ही सूखे पेड़ के गिरने की सूचना लोगों को लगी लोक तत्काल मौके पर पहुंचे और पेड़ की लकड़ियों को एकत्रित करने लगे।

# मेडिकल कॉलेज काउंसिल की बैठक आयोजित



**शिवपुरी।** श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी में मंगलवार को अधिष्ठाता डॉक्टर के.बी वर्मा, अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि ने चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी के समस्त विभागाध्यक्षों एवं प्रभारी अधिकारियों के साथ कॉलेज काउंसिल की बैठक आयोजित की। बैठक में अधिष्ठाता डॉक्टर.के.बी. वर्मा ने जे आर, एस आर द्वारा की जा रही काम बंद हड़ताल पर चर्चा की एवं समस्त विभागाध्यक्षों को चिकित्सालय की व्यवस्था को सुदृढ बनाने एवं चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया। साथ ही यह भी कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय में एनएमसी के अनुसार छात्रो की कक्षाये ली जाऐं।

### अधिष्ठाता से मिले जेआर, एसआर

अधिष्ठाता डॉक्टर के.बी. वर्मा से जेआर,एसआर ने मुलाकात की और 4 माह से सैलरी ना आने की समस्या को बताया। जिस पर अधिष्ठाता डॉक्टर के.बी. वर्मा द्वारा जल्द से जल्द सैलरी दिलाने की बात कही और कहा कि आप की

### दिशा-निर्देश दिए

कॉलेज काउंसिल की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं जे आर ,एसआर की सैलरी के बारे में हम लगातार मुख्यालय के लिए पत्र व्यवहार कर रहे हैं बजट आते से ही जल्द ही सैलरी डाल दी जाएगी। फिलहाल हमने हमारी जेआर , एसआर की परेशानी को देखते हुए अपने स्वशासी मद से 1 महीने सैलरी देने का निर्णय लिया है।

**डॉक्टर के.बी.वर्मा** (अधिष्ठाता) श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी

## रात में हुई हल्की बारिश, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी


# अंचल में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शिवपुरी में लगातार शीतलहर और कोहरे का प्रकोप जारी है। लगातार चल रही सर्द हवाओं के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। आज बुधवार की सुबह से कोहरा 9 बजे के बाद भी छाया रहा जबकि कोहरे की शुरुआत मंगलवार की रात 8 बजे से ही हो गई थी, इसके अतिरिक्त मंगलवार की रात 8 बजे के बाद शहर में हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिली थी। बता दें कि मंगलवार की रात पर 11 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हुआ था, इसके बाद आज अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा जताई गई है। वही ग्रामीण अंचल और नदी किनारे पारा इससे भी नीचे गिरने की संभावना जताई गई है।

### शीत लहर से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी

अंचल इन दिनों शीतलहर की चपेट में शिवपुरी, शीत लहर के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाये जाने के संबंध में शासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शासन द्वारा जारी एडवाइजरी अनुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।



### शीतलहर से बचने के उपाय

मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भोपाल द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। शीतलहर से पहले सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्ति के लिए सभी सामान तैयार रखें। शीतलहर के दौरान जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाए, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुने, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़े। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं, बुजुर्गों और ब'चों का ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से अप्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें। हाइपोथर्मिया के मामले में व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और कपड़े बदल दें। व्यक्ति के शरीर को सूखे कंबलों, कपड़ों, तौलियों या चादरों से गर्मी दें। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय पिलाएं, लेकिन मादक पेय न दें। जितनी जल्दी हो सके, व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध कराएं।